सहकारिता कर्मचारियों की मांगे नहीं मानी तो 1 अप्रैल से प्रदेश के 55000 कर्मचारी तंबू लगाकर करेंगे आंदोलन

छै माह पहले कर्मचारियों से किए वादे से पलटी सरकार

संगठन के जिला अध्यक्ष श्री कुरैशी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज,
पांढुरना,23 मार्च, मध्य प्रदेश सहकारिता कर्मचारी महासंघ की वर्षों पुरानी लंबित मांगों को लेकर संगठन के प्रांतीय पदाधिकारियों तथा विभागीय अधिकारियों के मध्य छैम्माह पहले हुए समझौते के बावजूद आज तक संगठन की यह मांग पूरी नहीं होने से प्रदेश के अन्य जिलों की तरह ही पांढुरना के सहकारिता कर्मचारी संघ में भारी आक्रोश व्याप्त है।

संगठन के जिला अध्यक्ष मोहम्मद अशफाक कुरैशी के नेतृत्व में सोमवार को मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंप समयावधि में मांगों का निराकरण नहीं होने पर 55 हजार सहकारिता कर्मचारियों द्वारा काम बंद कर हड़ताल पर तंबू लगाकर आंदोलन पर जाने की चेतावनी भी दी है।

मध्य प्रदेश सहकारिता कर्मचारी जिला संगठन के अध्यक्ष मोहम्मद अशफाक कुरैशी के नेतृत्व में जिला संगठन शाखा के पदाधिकारी तथा सदस्यों ने सोमवार को मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को सौंपे एक हस्ताक्षरयुक्त पत्र में बताया कि वर्षों से प्रदेश के सहकारिता कर्मचारी महासंघ द्वारा जायज लंबित चार सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर संघर्षरत है,यहां तक की बीते 22 सितंबर 2025 को संगठन के प्रांतीय पदाधिकारियों तथा प्रदेश मुख्यालय के विभाग प्रमुख अधिकारियों के मध्य हुए समझौते के तहत विभागीय अधिकारियों द्वारा शीघ्र ही मांगों के निराकरण का आश्वासन भी दिया था ।

श्री कुरैशी द्वारा बताया कि इस समझौते को छैम्माह का लंबा समय बीतने के बाद भी आज तक सहकारिता महासंघ की प्रमुख मांग जिसमें पैक्स सहकारी संस्थाओं में कार्यरत समस्त कर्मचारियों को कलेक्टर दर के अतिरिक्त बढ़ा हुआ वेतन अक्टूर 2023 से दिया जाए साथ ही सभी कर्मचारियों को प्रत्येक माह वेतन दिया जाए।

विक्रेताओं को 18 माह का 34 जिले के विक्रेताओं को 54000 रूपए का भुगतान तत्काल करें,पैक्स में कार्यरत सहायक प्रबंधकों को समिति प्रबंधक के समकक्ष पर पर 60 प्रतिशत कर्मचारियों का चयन प्रक्रिया से पदौन्नत समय-सीमा में किया जाना तय हुआ था,जिसे आज तक पूरा नहीं किया यह तत्काल पदौन्नति कर पूर्ण करें तथा पैक्स सहकारी समितियों में कार्यरत कनिष्ठ विक्रेताओं की परीविक्षा अवधि समाप्त कर पूर्ण विक्रेता मान जाए ।

ज्ञापन में कहा गया कि यदि सरकार द्वारा 25 मार्च 2026 तक इन मांगों को पूर्ण नहीं करती है तो आने वाले 1अप्रैल 2026 से पूरे प्रदेश के 4523 पैक्स सहकारिता संस्थाओं एवं 22500 उचित मुल्य की दुकानों एवं इसमें कार्यरत 55000 कर्मचारी जिसमें प्रभारी प्रबंधक,सहायक प्रबधंक, लेखापाल,कम्प्युटर ऑपरेटर विकेता,कनिष्ठ विकेता, भुत्य,चौकीदार आदि कर्मचारियों कामबंद हडतला कर जिला स्तर पर तंबू लगाकर हड़ताल करेंगे।

आखिर सरकार क्यों कर रहीं पांढुरना की उपेक्षा ?

सदियों बाद मिली औवर ब्रिज की सौगात तथा जिला कलेक्टर,जिला पुलिस कार्यालय का भूमि पूजन पांढुरना के बजाए सौसर में क्यों?

नवभारत न्यूज,
पांढुरना,23 मार्च, सदियों से चली आ रहीं नगर की सबसे महत्वपूर्ण मांग अमरावती रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज की मांग के साथ ही इस नवगठित पांढुरना जिले के सबसे महत्वपूर्ण जिला कलेक्टर एवं जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय भवन के साथ भाजपा जिला संगठन कार्यालय भवन को प्रदेश सरकार द्वारा दी गई स्वीकृत के बाद इन महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों का भूमिपूजन का आयोजन पांढुरना नगर जिला मुख्यालय में नहीं कर इसके लिए सौसर में किए जा रहे आयोजन को लेकर पांढुरना के लोगों में सरकार तथा संगठन के इस निर्णय को लेकर पूरे जिलेवासियों में मायूसी छाई हुई है। यहां तक की जिले के जागरूक लोगों के साथ ही सत्ताधारी दल के नेताओं तथा संगठन के सदस्य भी इस बात को लेकर दुखी है। आखिर पांढुरना नगर तथा क्षेत्रवासियों की इस तरह की उपेक्षा के पीछे क्या कारण इस बात को लेकर कई तरह की अटकले लगाई जा रहीं है ।

गौरतलब हो कि नगर के मध्य से होकर गुजरने वाली प्रमुख दिल्ली मद्रास रेलवे लाईन के अमरावती रेलवे फाटक घंटों तक बंद रहने से इस मार्ग के दोनों और वाहनों की लंबी लंबी लाइनों की कतारे लग जाती है,जिससे आम लोगों के साथ ही,यात्रियों,स्कूली छात्रों ग्रामीणों,किसानों ,व्यापारियों को सदियों से बहुत अधिक परेशानियों का सामना करना पड रहा है। इस बात को लेकर पूर्व में कई बार जागरूक लोगों,राजनीतिक दलों,सामाजिक संगठनों द्वारा किए गए शांति पूर्वक मांग के बाद अंतत्सरकार द्वारा पांढुरना नगर की सदियों पुरानी मांग को इस वर्ष बजट में लेकर इस उक्त रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज बनाने की स्वीकृति दे दी है ।

इस प्रकार बीते दो वर्षों से इस नवगठित पांढुरना नगर जिला मुख्यालय मे कलेक्टर कार्यालय के जगह चिन्हित को लेकर भी लोगों का आंदोलनात्मक रूख अपना पड़ा,जिसके बाद सरकार द्वारा जिला कलेक्टर कार्यालय भवन के लिए नगर के पुलिस थाना परिसर में जगह चिन्हित की है, अब यह कलेक्टर कार्यालय भवन जिला पुलिस कार्यालय के भवन के बाजु में ही बनेंगा ।

वहीं नगर के पारडी मार्ग पर जिला भाजपा कार्यालय के भवन के लिए भी मंत्रिमंडल में जगह को स्वीकृति दी है,इन भवनों की स्वीकृति के बाद से ही प्रदेश के मुखिया द्वारा कब पांढुरना आकर भूमिपूजन किया जायेगा इस बात को लेकर बडे ही ब्रेसब्री से इंतजार कर रहे है।

वहीं सूत्रों की माने तो प्रदेश के मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव द्वारा आगामी 26 मार्च 2026 को सौंसर आगमन के दौरान ही पांढुरना नगर जिला मुख्यालय के इन सभी उक्त निर्माण कार्यो का भूमिपूजन सौंसर में करने की औपचारिकता निभाने की मिल रही जानकारी लेकर पांढुरना के लोगों में मायूसी छाई हुई है। आखिर सरकार द्वारा पांढुरना के लोगों के साथ इस तरह ही उपेक्षा क्यों की जा रहीं इस बात लेकर नगर से लेकर गावों के चौपालों तक चर्चाओं का दौर शुरू है ।

विधायक विजय चौरे ने किया सामुदायिक भवन का लोकार्पण

नवभारत न्यूज़
सौंसर 23 मार्च. सौसर के बेरडी रोड स्थित श्रीकृष्ण मंदिर परिसर में श्रीकृष्ण मंदीर वर्धापन दिवस सोहला के पावन अवसर पर विधायक विजय चौरे द्वारा विधायक निधि से प्रद्दत 5 लाख रुपए की लागत राशि से नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री चौरे ने कहा कि विधायक निधि से नवनिर्मित यह सामुदायिक भवन क्षेत्रवासियो के सेवा में समर्पित हैं जहां धार्मिक आयोजनों भजन,कीर्तन एवं क्षेत्र के परिवारजनों के पारिवारिक सामाजिक आयोजनों हेतु यह उपयोगी सिद्ध होगा साथ ही श्री चौरे द्वारा विधिवत पूजन-अर्चन कर क्षेत्रवासियों के सुख,शांति समृद्धि और उन्नति हेतु कामना की।

कन्या शाला में स्थानीय परीक्षाफल घोषित

नवभारत न्यूज़
सौंसर 23 मार्च. शासकीय कन्या उमा विद्यालय सौसर मे स्थानीय परीक्षा नवमी एंव ग्यारहवी के परिणाम घोषित हुए। प्राचार्य तथा समस्त शैक्षणिक स्टाफ की उपस्थिति मे परीक्षा परिणाम घोषित किये गए संस्था मे उमंग प्रभारी शिक्षक सूर्यकीर्ति काले ने बताया की जीवन कौशल शिक्षा एवं इक्कीसवीं सदी मे आश्यकता के अनुसार विषयों का चयन कर छात्र अपना उज्वल भविष्य का निर्माण कर सकते है । स्थानीय परीक्षा प्रभारी कीर्तीसागर बागडे ने परीक्षा परिणाम की जानकारी देते हुए बताया कक्षा नवमी मे महिमा राजुरकर तथा ग्यारहवी कला मे कशिश मनोटे विज्ञान गणित मे कु महिमा चिकटे व जीवविज्ञान संकाय मे कु निशा वाड़ीवा ने सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया कक्षा नवमी का वार्षिक परीक्षा परिणाम 74 प्रतिशत रहा जिसमे प्रथम कु.महिमा राजुरकर,द्वितीय कु दर्शना बँसोड ,तृतीय कु पूनम डोंगरे ,रही। 22 छात्राएं प्रथम श्रेणि तथा 36छात्राएं द्वितीय श्रेणी मे रही। गणित एवं जीव विज्ञान की समस्त 30 उतीर्ण छात्राएं प्रथम श्रेणि मे उतीर्ण हुई ।संकाय का परिणाम सौ प्रतिशत रहा जिसमे प्रथम कु महिमा चिकटे, द्वितीय कु. हर्षिता भूजाडे , तृतीय कु. निशा रेहकवार रही जीव संकाय मे प्रथम कु निशा द्वितीय कु वैशाली तृतीय कु हर्षिता रही। कला संकाय का 94 प्रतिशत रहा जिसमे प्रथम श्रेणि मे 24 छात्राएं प्रथम श्रेणि मे उतीर्ण हुई। इसमें प्रथम कु कशिश द्वितीय अनन्या, कु. शुभांगी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर छात्राओ एंव पालको को प्राचार्य भास्कर गावंडे ने बताया की इस वर्ष प्रवेश सभी कक्षाओ मे 31 मार्च तक लेना अनिवार्य है तथा 1 अप्रेल से नया शैक्षणिक सत्र प्रारंभ हो रहा है सभी प्रवेश प्राप्त कर ले। शिक्षकीय स्टाफ ने छात्राओ को पुरस्कार उपहार मे दिये ।कार्यक्रम का संचालन सूर्यकीर्ति काले ने तथा आभार प्रदर्शन राजरत्न बागडे ने किया ।इस अवसर पर शिक्षक राजेंद्र डोंगरे, अमित तातेकर, प्रमोद नागदवने, आशीष वैद्य, अतुल बनाईत, सरोज वालके, संगीता ढोके, पवन पहाड़े, निकेट लोहे अनिल सिंगणपुरेआदि शिक्षक उपस्थित रहे।

निजी शिक्षण संस्थाओं में प्रवेश से वंचित रह रहे नगर के कई वार्डों के बच्चे

आरटीई योजना में बच्चों को लाभ नहीं मिलने से कांग्रेसियों ने किया कलेक्टर कार्यालय का घेराव

नवभारत न्यूज,
पांढुरना,23 मार्च, शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत निजी शिक्षण संस्थाओं में नगर के कई वार्डों के बच्चों को लाभ नहीं मिलने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस द्वारा आज जिला कलेक्टर को एक हस्ताक्षरयुक्त पत्र सौप इन वार्डों के बच्चों को इसका लाभ दिलाने की मांग की है । जिला कांग्रेस एवं नगर कांग्रस कमेटी के अध्यक्ष क्रंमशन्जतन उइके एवं जंयत घोड़े के नेतृत्व में कांग्रेसियों द्वारा जिला कलेक्टर के नाम सौपे ज्ञापन में बताया कि बीते वर्षों की तरह ही इस वर्ष भी शिक्षा का अधिकारी अधिनियम के तहत नगर जिला मुख्यालय के कई वार्डों के बच्चें जिनमें जाडबा, मौलाना आजाद, टेकडी,गुरूदेव ,घनपेठ, खारी ,शिवाजी, मेघनाथ ,संत रविदास,पेवठा, भगतसिंग आदि वार्डों के पात्र बच्चों को इस शासकीय योजना का लाभ नहीं मिलने से यह निजी शिक्षण संस्थाओं में पढ नहीं पा रहे है। कांग्रेसियों द्वारा शिक्षा विभाग के पोर्टल में आई इस विसंगतियों को तत्काल दूर कर इन वार्डों के पात्र बच्चों को इस योजना का लाभ देंने की मांग की है,साथ ही पांढुरना नगरीय क्षेत्र के लिए विशेष हेल्प डेस्क की स्थापना की जाए जिससे इस तकनीकी समस्या का त्वरित समाधान हो सकें। और यदि आवश्यक हो तो राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल से मसन्वय कर आवेदन की अंतिम तिथी बढाई की मांग की है ताकि पात्र बच्चें इस महत्वाकांक्षी योजना से वंचित ना रह सके।

इस आशय का पत्र सौंपते समय जतन उइके, जयंत घोड़े,नपा उपाध्यक्ष ताहिर अहमद पटेल,अमोल धर्माधिकारी, सुरेश सुरजुसे, प्रमोद बांबल,आकाश कोल्हे ,मोहम्मद इमरान खान, रूदेंश जसतुकर, भास्कर बालपांडे, अधिवक्ता तुलसी काटवले,आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

आई वी ओ भारत टीम सौसर ने मनाया सरदार भगत सिंह का बलिदान दिवस, राजगुरु , सुखदेव को भी किया याद

नवभारत न्यूज, सौंसर 23 मार्च. आज शहीदे ए आजम सरदार भगत सिंह , राजगुरु, सुखदेव के सर्वोच्च बलिदान दिवस पर आई वी ओ भारत टीम सौसर ने दोपहर 11 बजे शाहिद भगत सिंह चौक में वेटरन प्रदीप कलसकर एवं प्रमोद लिखारे ने सरदार भगत सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और शहीदी दिवस अपने विचार रखे। अमर शहीद सरदार भगत सिंह जी की शहादत दिवस मनाया इस दौरान राजगुरु व सुखदेव को भी किया नमन किया ।आई वी ओ भारत के कार्यालय में भगत सिंह के छायाचित्र पर वेटरन राजेश्वर परतेती साहब एवं आशीष ठाकरे ने माल्यार्पण कियाआयोजन का संचालन वेटरन प्रदीप कलसकर वी ए ए राष्ट्रीय कॉर्डिनेटर ने किया। आयोजन में वेटरन रमेश गौतम, निरंजन कुमार मुलकर, विजय सिरसे, विजय नागदवने, विशाल वाघ, प्रमोद लिखारे अरुण ठाकरे वृक्ष मित्र, आदि गणमान्य नागरिक उपस्थि रहे।

शिक्षक पात्रता परीक्षा के विरोध में मंगलवार को जिले के शिक्षकों द्वारा किया जाएंगा विरोध प्रदर्शन

मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौपेंगे ज्ञापन

नवभारत न्यूज, पांढुरना,23 मार्च, बीते 30 वर्षों से स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों के लिए विभाग द्वारा आयोजित कि जाने वाले शिक्षक पात्रता परीक्षा के विरोध में आज मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे जिले के शिक्षक । मध्य प्रदेश राज्य शिक्षक संघ के पांढुरना जिला शाखा के अध्यक्ष उमेश बिंझाड़े द्वारा बताया कि बीते 25 से 30 वर्षों से स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों के लिए सरकार द्वारा शिक्षक पात्रता परीक्षा टी.ई.टी. का पूरे प्रदेश की तरह ही जिलें के शिक्षकों द्वारा पूरजोर विरोध किया जा रहा है। इसी विरोध के स्वरूप में आगामी 24 मार्च को पांढुरना जिले के शिक्षकों द्वारा मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे, श्री बिंझाड़े द्वारा जिले के समस्त शिक्षकों को इस विरोध रैली प्रदर्शन में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने 24 मार्च 2026 को पांढुरना नगर जिला मुख्यालय के जवाहर पार्क में शाम 4:30 बजे उपस्थित होकर अपनी एकता का परिचय देंने की अपील की है ।

नारी पेड बैंक में महिलाओं को निशुल्क उपलब्ध होगा पैड

पिपला नारा.वार 23 मार्च.नगर पंचायत परिसर में बीसीडब्ल्यू एफसीएफ फांउडेशन के निर्देशन तथा वार्ड 1 में सेंटर नारी पैड बैंक का आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य नपा अधिकारी डी पी साहू ने की। अवसर पर स्टेट को-ऑर्डिनेटर रमन शर्मा, ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर जगदीष बोकडे, सेंटर संचालिका प्रगति अशोक धारपूरे उपस्थित थे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि, महिलाओं के स्वास्थ्य और सशक्तिकरण करने हेतू विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रम चलाये जा रहे है। इस सेंटर के माध्यम से सिलाई कढाई प्रशिक्षण भी कराये जायेंगे। वही नारी पैंड बैंक में महिलाओं को पाच रूपयें षुल्क पर एक वर्ष तक निशुल्क पैड उपलब्ध कराये जायेंगे। यह योजना विभिन्न राज्यों में सफलतापूर्वक संचालित है। को-ऑर्डिनेटर जगदीश बोकडे ने संस्था द्वारा शासन की विभिन्न योजना एवं विष्वकर्मा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, किसान बीमा योजना, बाल विज्ञान केन्द्र जैसी जानकारी दी।

मुंबई, पुणे के लिए समर स्पेशल घोषित

नागपुर, नगर प्रतिनिधि. गर्मियों की छुट्टियों में ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ और उनकी सुविधा को देखते हुए रेल प्रशासन ने नागपुर के लिए मुंबई और पुणे के बीच 8 समर स्पेशल एक्सप्रेस चलाने का निर्णय लिया है. जानकारी के अनुसार, इनमें एलटीटी-नागपुर-एलटीटी के बीच 2 फेरियां होंगी. ट्रेन 01021 स्पेशल शुक्रवार, 3 अप्रैल को 00.55 बजे एलटीटी से चलकर उसी दिन 15.45 बजे नागपुर पहुंचेगी. वहीं ट्रेन 01022 स्पेशल शुक्रवार, 3 अप्रैल को 20 बजे नागपुर से रवाना होकर अगले दिन 11.45 बजे एलटीटी पहुंचेगी.

एन बी सी सी NBCC नवरत्न सीपीएसई

माननीय उच्चतम न्यायालय की निगरानी वाली
आवास परियोजना लर्नेड कोर्ट रिसीवर के माध्यम से
एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड
द्वारा निष्पादित

ASPIRE

ई-नीलामी के माध्यम से मालसूची की थोक बिक्री

एस्पायर सिलिकॉन सिटी
फेज़-IV, सेक्टर-76, नोएडा, उत्तर प्रदेश
- मालसूची आधुनिक सुविधाओं से युक्त 4 बी.एच. के. और विशाल डुप्लेक्स अपार्टमेंट
- स्पेक्ट्रम मॉल, नोएडा के पास और निकटतम मेट्रो स्टेशन नोएडा सेक्टर-50 (एक्वा लाइन) एवं सेक्टर-76 मेट्रो हैं तथा आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन 25 मिनट

एस्पायर सिलिकॉन सिटी

एस्पायर लेज़र पार्क

एस्पायर लेज़र पार्क
टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश
- मालसूची-आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच. के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
- डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन 30 मिनट

एन बी सी सी NBCC नवरत्न सीपीएसई

एस्पायर लेज़र वैली
टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश
- मालसूची-आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच. के. एवं 4 बी. एच. के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
- डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन 35 मिनट

एस्पायर लेज़र वैली

एस्पायर सेंचुरियन पार्क

एस्पायर सेंचुरियन पार्क
टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश
- मालसूची-आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच. के. एवं 4 बी. एच. के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
- डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन 30 मिनट

ई.एम.डी. जमा करने की अंतिम तिथि: 27.03.2026
ई-नीलामी 28.03.2026 को आयोजित की जाएगी
ई.एम.डी. राशि 9.70 करोड़ रु. से 20.90 करोड़ रु. तक
6 पैकेज जिनका मूल्य 485 करोड़ रु. से 1,045 करोड़ रु. तक है

कृपया अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट देखें: www.nbccindia.in | www.receiveramrapali.in
या : 9772907414

कृपया ई-नीलामी दस्तावेज के लिए क्यू आर स्कैन करें::